मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 12422/58/2024/चयन इन्दौर दिनांक 13 DEC 2024

//विज्ञप्ति//

"सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) परीक्षा–2022" के पद हेतु उम्मीदवारी निरस्त किए जाने संबंधी सूचना ।

आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 30/2022 दिनांक 30.12.2022 एवं शुद्धिपत्रादी के तहत मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग हेतु **सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान)** परीक्षा–2022 के कुल–42 **(UR-21, SC-07, ST-09, OBC-03, EWS-02)** रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है । उपरोक्त पद हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 09.06.2024 को आयोजित कि जाकर, लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 19.09.2024 को घोषित किया गया था।

02/ आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) परीक्षा–2022 लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 19.09.2024 में **मुख्य भाग–अ** में कुल 131 आवेदकों को साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह घोषित किया जाकर आवेदकों को निम्नानुसार निर्देशित किया गया था :–

"साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र–01 अनुसार क्रम में प्रमाण पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर दिनांक दिनांक **10.10.2024** तक आयोग कार्यालय प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नही लेना चाह रहें है, उनकी उम्मीद्वारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जॉच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी । साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी ।"

03/ आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) पद हेतु लिखित परीक्षा के परिणाम उपरांत अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.10.2024 एवं **विलंब शुल्क सहित अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.10.2024** निर्धारित थी किंतु निम्नलिखित 02 आवेदक द्वारा अभिलेख आयोग को प्रस्तुत नही किए गए है । अतः लिखित परीक्षा परिणाम में उल्लेखित कंडिका अनुसार निम्नलिखित 02 आवेदक की सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) पद की उम्मीदवारी आदेशानुसार निरस्त की जाती है :–

S.No.	Roll No.	AppNo	Full Name	Gender	Domicile	Category
1	150080	AP22153003032137	ASHITA GARHWAL	Female	No	UR
2	151097	AP22151204135336	RAVI PRAKASH	Male	No	UR

04/ सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच/संवीक्षा उपरांत निम्नलिखित 01 आवेदिका की उम्मीदवारी विज्ञापन अनुसार अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता (नेट/सेट/पी.एच.डी.) धारित नही होने से आदेशानुसार निरस्त की जाती है :–

S.No.	Roll No.	AppNo	Full Name	Gender	Domicile	Category
1	150016	AP22152603026044	CHINTA BARIYA	Female	Yes	ST

05/ सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) पद हेतु उम्मीद्वारी निरस्त किए गए आवेदकों को निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि सहायक प्राध्यापक (गृह विज्ञान) पद की उम्मीद्वारी निरस्त किए जाने के संबंध में यदि कोई आवेदक आपत्ति अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते है तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 10 दिवस की अवधि में आपत्ति अभ्यावेदन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निर्धारित समय में प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन आयोग के विचारोपरान्त मान्य/अमान्य किए जाएंगे। आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन बिना विचार किए नस्तीबद्ध किए जाएंगे। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए आपत्ति अभ्यावेदन आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नही होगा।

प्रभारी अनुभाग अधिकारी
(चयन)